प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 13.05.2025 समय : 12:30 पी.एम.

000

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने आज नई दिल्ली में एक प्रमुख बैठक की। बैठक में रक्षा सचिव, चीफ डिफेंस ऑफ स्टाफ और अन्य वरिष्ठ सैन्य अधिकारी मौजूद रहे।

000

ऑपरेशन सिंदूर के बाद प्रदेश के सीमावर्ती जिलों में जनजीवन एक बार फिर से सामान्य हो रहा है। बीकानेर जिला मजिस्ट्रेट नम्रता वृष्णि ने ब्लैकआउट सहित सभी तरीके की पाबंदियां हटाने के निर्देश दिये है। इस आदेश के साथ ही आमजन से वर्तमान परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए सतर्क और सुरक्षित रहने की अपील भी की गई है। बाडमेर, जैसलमेर, बालोतरा और हनुमानगढ़ में भी आंगनबाडी केन्द्र और शिक्षण संस्थान पहले की तरह की नियमित शुरू करने की अनुमति दी गई है।

000

एयर इंडिया ने कहा है कि यात्रियों की सुरक्षा के मद्देनज़र जोधपुर सहित जम्मू, लेह, अमृतसर, भुज, जामनगर, चंडीगढ और राजकोट की उड़ान सेवाएं आज के लिए रद्द की गई हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में एयर इंडिया ने कहा कि स्थिति की निगरानी की जा रही है और इसके बारे में यात्रियों को तुरंत सूचित किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए यात्री एयरलाइन से संपर्क कर सकते हैं और वेबसाइट देख सकते हैं।

000

इंडियन प्रीमियर लीग–आईपीएल के मुकाबले 17 मई से फिर से शुरू होंगे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड– बीसीसीआई ने कल यह घोषणा की। 17 मई को बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स से होगा। मोहाली और धर्मशाला में आईपीएल का कोई भी मैच नहीं खेला जाएगा। पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस का मैच पहले अहमदाबाद में खेला जाना था वह अब 26 मई को जयपुर में खेला जाएगा। फाइनल मैच 3 जून को होगा, जबकि प्लेऑफ 29 मई से खेले जाएंगे। प्लेऑफ मैच के स्थान की घोषणा बाद में की जाएगी। गौरतलब है कि भारत के ऑपरेशन सिंदूर शुरू होने के बाद आईपीएल 9 मई को एक सप्ताह के लिए निलंबित कर दिया गया था।

000

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद भारतीय जनता पार्टी आज से देशभर में 11 दिवसीय तिरंगा यात्रा निकालेगी। इस दौरान केन्द्र सरकार के कुशल नेतृत्व और सशस्त्र बलों के पराक्रम के बारे में लोगों को बताया जाएगा। 23 मई तक चलने वाली इस यात्रा में पूर्व सैनिक और सामाजिक कार्यकर्ता भी शामिल होंगे।

000

प्रदेश आज वर्ष 2008 में जयपुर में हुए श्रृंखलाबद्ध बम धमाकों के दिवंगतों को श्रद्धाजंलि अर्पित कर रहा है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने धमको में मारे गये नागरिकों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा है कि 13 मई 2008 का दिन न केवल मानवता पर गहरा आघात है, बल्कि सामूहिक संवेदनशीलता और शांतिपूर्ण सह–अस्तित्व की भावना पर भी कुठाराघात है। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने इस घटना के मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

000

केंद्रीय माद्यमिक शिक्षा बोर्ड– सीबीएसई ने आज 12वीं कक्षा के परिणाम जारी कर दिये है। इन परिणामों में लड़कियों ने एक बार फिर लड़कों से बेहतर प्रदर्शन किया है। 91 प्रतिशत से अधिक लड़कियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की जो लड़कों के मुकाबले पांच दशमलव नौ–चार प्रतिशत अधिक है।

इस वर्ष 88 दशमलव तीन—नौ प्रतिशत विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा पास की, जो पिछले वर्ष की तुलना में शून्य दशमलव चार एक प्रतिशत ज्यादा है। परीक्षा परिणाम आधिकारिक वेबसाइड पर उपलब्ध हैं।

000

रणथंभौर टाइगर रिजर्व में बाघ के हमले से मारे गए रेंजर की घटना के बाद अलवर में सरिस्का टाइगर रिजर्व में भी अलर्ट जारी कर दिया गया है। वहां वन्यजीवों की सुरक्षा में 170 से ज्यादा अधिकारी और कर्मचारी नियुक्त हैं। इधर जयपुर के नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क में एशियाटिक शेरनी तारा के दो शावकों में से एक मादा शावक की मौत हो गई है। तारा ने 6 मई को दो शावकों को जन्म दिया था। पार्क प्रशासन के मुताबिक तारा का दूसरा शावक फिलहाल स्वस्थ है।

000

राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से राजस्थान राज्य और अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा, 2023 के तीसरे चरण के साक्षात्कार 19 से 28 मई तक लिये जायेंगे। आयोग की उपसचिव चित्रा जैनानी ने बताया कि इसके लिए साक्षात्कार पत्र आयोग की वेबसाइट पर अपलोड कर दिये गये है।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 मई को आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 122वीं कड़ी होगी।

000